बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

# बिलसंडा में एक रात में दो घरों से सामान समेट ले गए चोर

संवाददाता, बिलसंडा

- पुलिस गश्त में लापरवाही पर लोगों ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** पुलिस की सुस्ती से चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। बिलसंडा कस्बे में एक रात में चोर दो घरों नगदी और जेवर समेट ले गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय मामले की जांच कर रही है।

नगर के मोहल्ला पक्का तालाब निवासी रामाधार मिश्रा उर्फ बबलू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह मंगलवार रात अपने घर में परिवार संग सो रहे थे। छत के रास्ते चोर उनके मकान के अंदर घुस गए और एक कमरे में रखा सामान खंगाला। यहां से चोर 20 हजार रुपये, चार तोला सोने के जेवरात भी समेट ले गए। दूसरे दिन बुधवार सुबह जागने पर घटना का पता चला। कमरे का दरवाजा खुला मिला और सामान गायब। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मेनगेट खोलकर चले गए थे। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। उधर, गंगोत्री कॉलोनी निवासी बद्री प्रसाद के मकान में भी चोर इसी तरह से घुसे। यहां से पांच हजार रुपये और मोबाइल चोरी कर लिया। इस घटना की भी पुलिस को तहरीर दी गई। लोगों ने पुलिस गश्त में बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी भी जताई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट - छाती में दर्द या भारीपन - सांस फूलना - पैरों में सूजन - हाई ब्लडप्रेशर - हाई कोलेस्ट्रोल - डाइबिटीज (शुगर) - सीने या पेट में जलन या दर्द - हार्ट अटैक - हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

# सेल्समैन ने लूट बताई, ठेकेदार ने उसी पर रिपोर्ट लिखाई

## बरखेड़ा इलाके के ग्राम भैंसहा ग्वालपुर में बुधवार रात हुई वारदात

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** भैंसहा ग्वालपुर गांव में देशी शराब की दुकान के सेल्समैन को बंधक बनाकर लूटपाट करने की सूचना से पुलिस में खलबली मच गई। सेल्समैन का आरोप है कि पुलिस कर्मी बताकर घर में घुसे बदमाशों ने उसे बंधक बनाकर लूटपाट की। जबकि ठेकेदार ने उसी सेल्समैन पर नगदी और शराब की पेटियां गायब करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करा दी। पुलिस ने लूट की घटना को गलत बताने के साथ सेल्समैन को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा ग्वालपुर निवासी जितेंद्र वर्मा के मकान के बाहरी हिस्से में देशी शराब की दुकान है। ठेकेदार कस्बा बरखेड़ा निवासी शिखा गुप्ता पत्नी अमित गुप्ता हैं। जितेंद्र इसी दुकान पर सेल्समैन है। जितेंद्र के अनुसार बुधवार रात 10 बजे वह दुकान बंद करके घर में सोने चला गया। रात में करीब 11:30 बजे उसके मकान का दरवाजा खटखटाया। जितेंद्र ने आवाज लगाकर पूछा तो बाहर खड़े लोगों ने खुद का पुलिस कर्मी बताया। पुलिस होने की सुनकर उसने तुरंत दरवाजा खोल दिया। तभी बाहर खड़े तीनों लोग उसके घर के भीतर घुस गए। फिर उसे



शराब की इसी दुकान में हुई थी घटना।

कमरे में ले जसका उसके हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए। मुंह पर शर्ट बांध दी, जिससे वह शोर नहीं मचा सका। असलहा के बल पर उसे डरा धमकाकर दुकान की चाबी ले ली। फिर वहां रखीं 28 पेटी शराब, शराब की ब्रिकी के 28 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। बदमाशों के चले जाने के बाद किसी तरह जितेंद्र ने अपना मुंह का कपड़ा हटाया और घिसटते हुए घर के बाहर तक गया। उसके शोर मचाने पर पड़ोसी गोविंदराम मौके पर पहुंच गए और उसे बंधन मुक्त किया। इसके बाद अन्य ग्रामीण एकत्र हो गए। इसकी सूचना मिलने पर रात में ही सीओ बीसलपुर विशाल चौधरी, इंस्पेक्टर बरखेड़ा अरविंद सिंह चौहान मौके पर जा पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम भी बुला ली गई गई। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे पुलिस सेल्समैन को अपने साथ ले गई।

इधर, दुकान के ठेकेदार के पति अमित गुप्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सेल्समैन पर शराब गायब करने का आरोप लगाया। सेल्समैन की ओर से सुनाई जा रही लूट की कहानी पर संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दे दी। इसी तहरीर के आधार पर पुलिस ने सेल्समैन व उसके साथियों के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली गई। पुलिस के अनुसार दुकान में काफी पेटियां अभी भी मौजूद हैं। अगर लूट हुई तो बदमाश बाकी पेटियां क्यों नहीं ले गए?

### पड़ोसी बोला- हम जब पहुंचे थे तो बंधा पड़ा था सेल्समैन

पुलिस के पूछताछ करने पर पड़ोसी गोविंदराम ने बताया कि रात को शोर सुनकर वह बाहर निकले तो सेल्समैन जितेंद्र के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। वह बाहर पड़ा हुआ था। कई अन्य ग्रामीण भी थे। उन्होंने जितेंद्र को बंधन मुक्त किया। फिर पुलिस और ठेकेदार को कॉल की गई थी। अब पुलिस सत्यता का पता लगाने में जुटी है।

लूट की सूचना मिलने पर पुलिस गांव गई थी। सेल्समैन ने लूट की बात कही, जबकि ठेकेदार ने सेल्समैन के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कराई है। अभी तक की जांच में लूट की बात गलत निकली है। सेल्समैन की कहानी संदिग्ध है। जांच चल रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा। - **अरविंद सिंह चौहान**, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

# मुख्य बाजार में दुकान से डेढ़ लाख का कॉपर तार चोरी



घटना के बाद मौके पर एकत्र भीड़। • अमृत विचार

संवाददाता, अमरिया

- व्यापारी नेताओं ने जताई नाराजगी, जल्द खुलासे की मांग

**अमृत विचार:** अमरिया कस्बे के मुख्य बाजार में एक इलेक्ट्रॉनिक के सामान की दुकान के ताले तोड़कर चोर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत का कॉपर का तार ले गए। इस घटना का पता लगने पर एकत्र हुए व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए जल्द खुलासे की मांग की है।

कस्बा अमरिया के रहने वाले मोहम्मद खालिद ने बताया कि उनकी तहसील के पास मुख्य बाजार में इलेक्ट्रॉनिक के सामान की दुकान है। बुधवार देर शाम वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पड़ोस के ही व्यापारी परवेज खान ने उन्हें फोन करके दुकान में चोरी होने की जानकारी दी। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो शटर के ताले टूटे हुए थे। सामान चेक करने पर 55 किलो नया कॉपर और 150 किलो पुराना कॉपर व अन्य सामान गायब था, जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जाती है। घटना की सूचना मिलने पर अमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। व्यापार मंडल अध्यक्ष असगर अली, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इमरान कादरी समेत कई व्यापारी भी पहुंच गए। थाने पहुंचकर व्यापारी नेताओं ने घटना पर नाराजगी जताई और जल्द खुलासे की मांग की। एसओ अमरिया ब्रजवीर सिंह ने बताया कि मौका मुआयना कर जानकारी की गई है। आसपास के प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक कराई जा रही है।

# पुलिस का भरोसा छोड़ खुद रात्रि गश्त करेंगे पंकज कॉलोनी वाले

सवांददाता, पूरनपुर

- रात को कॉलोनी में आने जाने वाले संदिग्ध लोगों से की जाएगी पूछताछ
- सिपाही समेत कई लोगों के घरों में हो चुकी है चोरी, खुलासा किसी का नहीं हुआ

**अमृत विचार:** पंकज कॉलोनी में चोरों की दहशत कायम है। अब तक कई घरों में चोरी वारदात हो चुकी है, लेकिन पुलिस घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रही है। पुलिस का भरोसा छोड़ कॉलोनी वासियों ने खुद सुरक्षा की कमान संभाल ली है। कॉलोनी बासी निगरानी करने के साथ रात आठ बजे के बाद आने जाने वाले संदिग्धों से पूछताछ कर रहे हैं।

नगर की पंकज कालोनी के निवासी आईजी कार्यालय में तैनात सिपाही बृजेश वर्मा के मकान में सोमवार को चोरी हुई थी। इसके अगले दिन मंगलवार को उसी कॉलोनी में बृजलाल और राम सिंह के घरों में चोरों ने दस्तक दी। कॉलोनी वासियों का का कहना है कि रात में गली से होकर कई संदिग्ध गुजरते हैं। पुलिस का बंदोबस्त न होने पर कॉलोनी वासियों ने मिलकर निगरानी करने की योजना बनाई। देर रात तक लोग गलियों में घूमकर कॉलोनी में आने जाने वालों की निगरानी करेंगे। यहां के अर्जुन वर्मा ने बताया इसे लेकर जल्द फ्लैक्स भी गलियों में लगवाए जाएंगे।

# ढाबा में आग से सारा सामान राख

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शार्ट सर्किट से एक ढाबे में भीषण आग लग गई। दमकल टीम ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जल गया।

न्यूरिया कॉलोनी के रहने वाले तुषार रॉय ने बताया कि उनका कॉलोनी के बाहर की तरफ ढाबा है। रोज की तरह रात करीब साढ़े 11 बजे वह ढाबा बंद करके घर आ गए थे। इसके बाद ढाबे में बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। कुछ ही देर में ढाबे में रखा फर्नीचर, फ्रिज समेत अन्य सामान भी आग की चपेट में आ गया और आग की लपटें उठने लगी। आसपास के लोगों ने आग की लपटें उठती देख देर रात डेढ़ बजे कॉल कर बताया। इस पर मौके पर पहुंचे तो मंजर देख दंग रह गए। आग की ऊंची लपटें उठ रही थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। दमकल टीम को भी बुलाया गया। करीब पौन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू किया जा सका। मगर फ्रिज, इनवर्टर, दो बैटरे, फर्नीचर आदि अन्य सामान पूरी तरह से जल गया।



ढाबा में लगी आग में जला फ्रिज व अन्य सामान। • अमृत विचार

# स्कूल की प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सचिव को दायित्व समझाए




बैठक को संबोधित करते खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह। • अमृत विचार

**पूरनपुर, अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों की प्रबंध समिति में अभिभावक अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक सचिव बनाए गए हैं। गुरुवार को ब्लॉक सभागार में परिषदीय विद्यायलय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षाधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने अध्यक्ष और संचिव को उनके कर्तव्य और अधिकार बताए। कहा कि स्कूल में सभी योजनाएं बिना अध्यक्ष और सचिव के प्रयास से पूरी नहीं हो सकती। अधिकांश योजनाओं में दोनों की भागीदारी रहती है। प्रबंध समिति के पदाधिकारी और अन्य सदस्य अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएं। जिससे बच्चों को उनका लाभ मिल सके। इस दौरान स्कूलों संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

# स्पेशल ट्रेन न चलने से यात्री परेशान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पूर्णागिरि का मेला शुरू होने से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है, लेकिन मेला स्पेशल ट्रेन अभी तक नहीं चली है। वर्तमान में शाहजहांपुर स्टेशन से तीन ट्रेनों का संचालन हो रहा है, वह भी सिर्फ पीलीभीत तक आती हैं। रेल प्रशासन हर साल टनकपुर के लिए मेला स्पेशल ट्रेन चलाता रहा है, लेकिन इस बार अभी तक नहीं चलाई गई है। जिससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है। पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन से एक दिन में तीन ट्रेनों का संचालन होता है। तीनों ट्रेन पीलीभीत तक ही जाती हैं। एक सुबह पौने सात बजे, दूसरी सुबह साढ़े दस बजे और तीसरी शाम को पांच बजे जाती है। यहां पर एक एटीवीएम मशीन लगी और प्राइवेट आदमी बैठता है।

# मंडी समिति में बंदरों से खतरा पकड़ने के लिए पत्र लिखा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- चुनाव के दौरान होने वाली गतिविधियों को देखते हुए उठाया जा रहा कदम

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान मंडी समिति में होने वाली चुनावी गतिविधियों में बंदर खलल डाल सकते हैं। इसको लेकर अफसर गंभीर हैं। प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम ने सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ को पत्र भेजकर बंदरों को पकड़वाने को कहा है।

पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए प्रथम चरण में होने वाले मतदान को लेकरमंडी समिति परिसर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। इसको लेकर मंडी परिसर में ही स्ट्रांग रूम एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। मतदान के बाद मतगणना भी यहीं पर होनी है। इसको लेकर परिसर में सीसीटीवी कैमरे समेत प्रकाश आदि की व्यवस्था कीलगाए जाने हैं। इसके बीच अधिकारियों को पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मंडी में किए बंदरों के उत्पात का डर सताने लगाने लगा है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान बंदरों ने कुछ सीसीटीवी कैमरों को तोड़ने के साथ केबल क्षतिग्रस्त कर दी थीं। चुनाव कार्य में व्यवधान न हो, इसको लेकर प्रभारी कंट्रोल रूम ऋषिकांत राजवंशी ने सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ को पत्र लिखा है। पत्र में बंदरों को पकड़वाने की बात कही गई है।

# तेंदुआ ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

**खुटार, अमृत विचार:** गांव दिउरिया झदिया में गुरुवार सुबह घर के पास पहुंचे तेंदुआ ने पालतू कुत्ते पर हमला कर उसे निवाला बना लिया। करीब पांच सौ मीटर दूर गेंहू के खेत में कुत्ते का अधखाया शव मिला। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने पग चिन्ह ट्रेस किए। वन विभाग ने तेंदुआ होने की पुष्टि की है। इस घटना से आसपड़ोस गांव में दहशत है। क्षेत्र के गांव दिउरिया झदिया के कुलदीप सिंह के चार पालतू कुत्ते है, जो रात को खोल दिए जाते हैं। कुलदीप ने बताया कि बुधवार रात को पशुओं को खोल दिया था। गुरुवार सुबह करीब चार बजे कुत्ते आवाज कर रहे थे लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया। सुबह छह बजे घर के बाहर तीन कुत्ते मिले और एक गायब था। उसे तलाश किया तो गेहूं के खेत में अधखाया शव मिला।

# मां पूर्णागिरि दरबार के लिए रवाना हुए श्रद्धालु



श्रद्धालुओं को माला पहनाकर रवाना करते गुरनाम सिंह। • अमृत विचार

**बिलसंडा, अमृत विचार:** राजा मोरध्वज की नगरी के रूप में प्रख्यात गांव मरौरी खास स्थित प्राचीन मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद 90 श्रद्धालुओं का जत्था साइकिलों पर बृहस्पतिवार को मां पूर्णागिरि धाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ। पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी गुरनाम सिंह, अनिल सिंह ने फूल माला पहनाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया।

गांव मरौरी खास से होली के बाद प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं का जत्था मां पूर्णागिरि के दरबार दर्शन के लिए जाता है। सेवानिवृत्ति फौजी अनिल सिंह का कहना है कि इस साइकिल यात्रा का दूसरा उद्देश्य युवाओं की शारीरिक फिटनेस का ध्यान रखकर धर्म का संदेश देना भी है। जत्थे में मरौरी खास, ओड़ाझार, सिम्भुआ समेत कई ग्राम पंचायतों के श्रद्धालु शामिल रहे। इस मौके पर अवनीत सिंह, विपिन सिंह, पवन वर्मा, विशाल कुमार, बाबा भगवानदास मिश्र, अमित कुमार, अजय कुमार, रामसनेही आदि रहे।

### बरखेड़ा से भी रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था



पूर्णागिरि धाम जाने के लिए एकत्र श्रद्धालु। • अमृत विचार


**बरखेड़ा।** मां पूर्णागिरि धाम को जाने के लिए गुरुवार को एक पैदल जत्था रवाना हुआ। मोहल्ला ठाकुरद्वारा में स्थित शिव मंदिर होली चौराहा के समीप से प्राइमरी स्कूल के पास गुरुवार को मां पूर्णागिरी के दर्शन करने के लिए पैदल जाने के लिए श्रद्धालु एकत्रित हुए। माता के जयघोष लगाए। जत्थे में अनिल शर्मा, रामबाबू भोजवाल, अवनीश यादव, हरीश शर्मा, धर्मेंद्र सैनी, गोविंद बाबू, संतोष भारती, राहुल सैनी, व गुड्डू श्रीवास्तव समेत 50 श्रद्धालु शामिल रहे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
अठारहवां रोज़ा इफ्तार 29 मार्च 2024
सुन्नी - 06:30 बजे
शिया - 06:38 बजे
उन्नीसवां रोज़ा सहरी 30 मार्च 2024
सुन्नी - 04:40 बजे
शिया - 04:32 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

## वरुण गांधी ने तोड़ी चुप्पी, पीलीभीत वासियों के लिए पत्र लिखकर प्रकट कीं भावनाएं


# पीलीभीत से रिश्ता खत्म नहीं होगा, मैं आपका था, हूं और रहूंगा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वरुण ने पत्र को अपने ट्विटर एकाउंट पर किया शेयर, लेकिन आगामी निर्णय का नहीं किया कोई जिक्र

**अमृत विचारः** पीलीभीत संसदीय सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद वरुण गांधी को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हैं। हर कोई उनके निर्णय को लेकर कयास लगाने में जुटा है। मगर पर्चा खरीदने के बाद नामांकन न कराने पर यह तो साफ हो गया कि वरुण गांधी ने पार्टी का निर्णयस्वीकार कर लिया। वह भाजपा का चुनाव प्रचार करेंगे या फिर कुछ और फैसला लेंगे? इसे लेकर अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। बहरहाल वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए एक पत्र लिखकर अपने ट्विटर एकाउंट पर साझा किया है। इस पत्र में उन्होंने पीलीभीत से रिश्ता कायम रखने के बारे में लिखा है।

वरुण गांधी ने पीलीभीत वासियों के लिए प्रणाम के साथ पत्र की शुरुआत की है। लिखा कि आज यह पत्र लिखते हुए उन्हें अनगिनत यादों ने भावुक कर दिया। मुझे वो तीन साल का छोटा सा बच्चा याद आ रहा है, जो अपनी मां की उंगली पकड़कर 1983 में पहली बार पीलीभीत आया था। उसे कहां पता था कि एक दिन यह धरती उसकी कर्म भूमि और यहां के लोग उसका परिवार बन जाएंगे। वर्षों तक पीलीभीत की महान जनता की सेवा करने का मौका मिला। महज एक सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के तौर पर भी मेरी परवरिश और मेरे विकास में पीलीभीत से मिले आदर्श सरलता और सहृदयता का बहुत बड़ा योगदान है।


निवर्तमान सांसद वरुण गांधी।

उन्होंने लिखा कि पीलीभीत वासियों का प्रतिनिधि होना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान रहा और पूरी क्षमता से आपके हितों के लिए आवाज उठाई। एक सांसद के तौर पर मेरा कार्यकाल भले समाप्त हो रहा हो, पर पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर सही, आजीवन सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरे दरवाजे पीलीभीत वासियों के लिए हमेशा पहले की तरह खुले रहेंगे। मेरा और पीलीभीत का रिश्ता प्रेम और विश्वास का है, जो किसी राजनीतिक गुणा-भाग से बहुत ऊपर है। मैं आपका था, हूं और रहूंगा।

बता दें कि 1989 से लेकर 2019 तक हुए नौ लोकसभा चुनावों में छह बार मेनका गांधी और दो बार वरुण गांधी पीलीभीत से सांसद चुने गए थे। इस बार भाजपा ने उनका टिकट काट दिया है। हालांकि भाजपा ने मेनका गांधी को सुल्तानपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है।

## पिता के डांटने पर युवक ने खुदकुशी की कोशिश की

**पूरनपुर।** पिता की डांट से क्षुब्ध होकर एक युवक ने खुदकुशी करने की कोशिश की। उसे गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया है। नगर की एक कॉलोनी में रहने वाला युवक बुधवार को दोस्तों के साथ घूमने गया था। वह देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। रात करीब आठ बजे युवक घर पहुंचा तो पिता ने देरी से घर आने का कारण पूछा। इसको लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी हो गई। बताते हैं कि पिता के डांटने पर आहत होकर युवक ने ब्लेड से अपनी गर्दन पर किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। उसकी चीख सुनकर परिवार वाले दौड़कर पहुंच गए। उन्होंने गले से खून निकलता देखा तो घबरा गए। उसे जिला अस्पताल रेफर ले जाया गया। परिजन उसे एक अन्य अस्पताल ले गए।

# देवीपुरा गोशाला में फिर मृत मिले पशु, जांच को पहुंची टीम

## मौके पर पहुंचे विहिप नेताओं ने जताई नाराजगी, मृत गोवंश की संख्या आठ बताई, यहां पहले भी हो चुकी है गोवंश की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** देवीपुरा गोशाला में फिर गोवंश मृत मिलने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने पर विहिप के पदाधकारी गोशाला जा पहुंचे। उनका आरोप है कि पहले तो उन्हें गोशाला में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। बमुश्किल अंदर पहुंचे तो कई पशु पड़े देखे। विहिप कार्यकर्ताओं की मानें तो मृत पशुओं की संख्या आठ थे। जबकि जांच के बाद बीडीओ ने तीन मृत पशु मिलने की पुष्टि की है।

मामला शहर से पांच किमी की दूरी पर स्थित देवीपुरा गोशाला का है। यहां पशुओं को रखने की क्षमता करीब 500 है, जबकि एक हजार से अधिक पशु आश्रित हैं। यहां कई बार पशुओं के भूख और इलाज के अभाव में मरने का शोर मच चुका है। मगर तमाम प्रयासों के बाद भी अव्यवस्था दूर नहीं हो पा रही हैं। गुरुवार देर शाम विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री प्रिंस गौड़ को सूचना मिली कि देवीपुरा गोशाला में कई गोवंश मरे पड़े हैं। इस पर वह सह संगठन मंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल, मणिकांत मिश्रा, हिमांशु कनौजिया, संजीव कुमार आदि कार्यकर्ता के साथ देवीपुरा गोशाला पहुंच गए। आरोप है कि पहले उनके लिए गोशाला का दरवाजा ही नहीं खोला गया। उनके विरोध करने पर कर्मचारियों ने बमुश्किल दरवाजा खोला। कार्यकर्ताओं की मानें तो कई पशु मृत हालत में पड़े थे। यह नजारा देख कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। अव्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई।


देवीपुरा गोशाला में विहिप नेताओं से वार्ता करते बीडीओ व पशुपालन विभाग के अधिकारी।

- सीडीओ ने भेजी टीम ने गोशाला में की जांच पड़ताल, बीडीओ ने मृत पशुओं की संख्या तीन बताई

इसकी सूचना प्रशासनिक अफसरों तक पहुंची तो खलबली मच गई। आनन-फानन में सीवीओ अरविंद कुमार, बीडीओ मरौरी मृदुला टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने वहां मौजूद विहिप कार्यकर्ताओं से वार्ता की और गोशाला का मौका मुआयना किया। मृत पशुओं की संख्या को लेकर भी पड़ताल की गई। इसके बाद बीडीओ ने तीन पशुओं के मृत मिलने की पुष्टि की।

### पशु दान करने के नाम पर घोटाले का आरोप

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने गोशाला की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग उठाई। आरोप लगाया कि गोशाला में पशु दान करने के नाम पर घोटाला किया जा रहा है। पशुओं के खानपान को आने वाले खर्च में भी बंदरबांट किया जा रहा है। जिसके चलते गोशाला में आश्रित पशुओं को भरपेट चारा नहीं मिल पाता। बीमार पशुओं के इलाज के नाम पर भी खानापूरी की जा रही है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया।

### वर्ष 1996 में स्थापित हुई थी देवीपुरा गोशाला

एसपीसीए द्वारा दिसंबर1996 में माधोटांडा रोड पर देवीपुरा गांव में गोशाला स्थापित की गई थी। गोवंशीय पशुओं का संवर्धन और रक्षा इसका मुख्य उद्देश्य था। जिस वक्त ये गोशाला बनाई गई थी। जनपद ही नहीं बरेली मंडल के अन्य जनपदों के पशु भी आश्रित कराए जाते थे। कुछ समय तक व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहीं। फिर यह गोशाला समय के साथ बदहाल होती चली गई। कई बार इसी तरह की पशुओं के मृत गंदगी में पड़े होने की तस्वीरें सामने आईं। दो साल पहले तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने व्यवस्थाएं बेहतर बनाने को खुद संज्ञान लिया और काम कराए थे। वर्तमान समय में गौर धाम मंदिर परिवार के सदस्य गोशाला की सूरत बदलने के लिए आगे आए हैं। पूर्व में पांच लाख की लागत से टिनशेड का निर्माण कराया था। इसके अलावा गोशाला में कीचड़ से पशुओं को निजात मिल सके, इसके लिए हाल ही में फर्श भी डलवाया है।

### खाईखेड़ा गोशाला प्रकरण में प्रधान पर हो चुकी है एफआइआर और सचिव किए जा चुके हैं निलंबित

गोशाला में पशुओं के मृत मिलने का यह पहला मामला नहीं है। कुछ माह पूर्व ही कलीनगर तहसील क्षेत्र की गोशाला में पशुओं के मृत मिलने पर मामला शासन तक चर्चित रहा था। इसके अलावा बीते साल खाईखेड़ा गोशाला में गोवंश के लिए आए भूसे को चोरी करने के आरोप में प्रधान पर एफआईआर दर्ज की गई थी और उसे जेल भेजा गया था। खाईखेड़ा गोशाला में इस साल की शुरुआत में दोबारा पशुओं के मृत मिलने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद तत्कालीनप पंचायत सचिव नेहा को निलंबित किया गया था। इसके अलावा कई अन्य गोशालाओं में भी मामले सामने आ चुके हैं। जुलाई 2023 में देवीपुरा गोशाला में ही कीचड़ में कई पशु मृत हालत में दिखाई दे रहे थे। इसे लेकर शोर मचा तो अधिकारी हरकत में आए। फिर टीम भेजकर पड़ताल कराई गई तो जिम्मेदारों ने कीचड़ साफ कराने के बाद तीन पशुओं के मरने की पुष्टि की थी।

> देवीपुरा गोशाला में क्षमता से अधिक पशु हैं। फिर भी हरसंभव इंतजाम कराए जाते हैं। पशुओं की मौत की सूचना मिलने पर टीम को मौके पर भेजा है। टीम की रिपोर्ट मिलने मिलने के बाद आगे कार्रवाई तय की जाएगी। – **धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, सीडीओ

> पशुओं के मृत मिलने की सूचना देवीपुरा गोशाला पहुंचे थे। जांच पड़ताल की गई है। मौके पर तीन पशु मृत पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। – **मृदुला**, बीडीओ मरौरी

## जैसे मनाई परिवार संग होली, अब वैसे करें मतदान

**पीलीभीत, अमृत विचारः** व्यापार मंडल के ज़िला महामंत्री, सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री शैली अग्रवाल ने गुरुवार को व्यापारियों एवं अन्य नागरिकों से लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की। सकुशल होली संपन्न होने पर भी शुभकामनाएं दी। कहा कि जिस तरह से परिवार के साथ होली का पर्व अभी मनाया है। इसी तरह से हर्षोल्लास के साथ लोकतंत्र के महापर्व में मतदान भी करें।


शैली अग्रवाल।

# वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करने में जुटा हुआ है। गुरुवार को महिलाओं की स्कूटी रैली निकाली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट से रैली को रवाना किया।

स्कूटी रैली में करीब 150 महिला शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से स्लोगन लिखे। छोड़ो सारे अपने काम, सबसे पहले करो मतदान, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है..आदि नारे लगाए। रैली कलेक्ट्रेट से रवाना होकर नकटादाना चौराहा, गौहनिया चौराहा, छतरी चौराहा, सुनगढ़ी तिराहा होते हुए गांधी स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। जहां जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश कुमार चौधरी ने मतदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी का यह दायित्व है कि खुद तो मतदान करें, साथ ही परिवार और परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करते रहें। बीएसए अमित कुमार सिंह ने मतदाता शपथ दिलाई। जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इंतजार खान ने कहा कि 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करें। इस मौके पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने मतदान के लिए प्रेरित किया।



मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना कराते डीएम संजय कुमार सिंह। • अमृत विचार

- शिक्षिकाओं ने स्कूटी रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

### सी-विजिल एप की दी गई जानकारी

जागरुकता रैली के बाद मतदाताओं को सी-विजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस एप के द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करने पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस पर हुई शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए 100 मिनट के भीतर निस्तारण कराया जाएगा। कोई भी नागरिक कहीं पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होते देख इस पर संबंधित फोटो, वीडियो, ऑडियो व अन्य साक्ष्य अपलोड कर सकता है। निस्तारण का विवरण भी एप पर देखा जा सकेगा।

# जांच में छह नामांकन पत्र खारिज अब 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 30 को होगी नाम वापसी, उसी दिन आवंटित किए जाएंगे चुनाव चिह्न, 19 अप्रैल को किया जाएगा मतदान

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर हुई नामांकन पत्रों की जांच में छह प्रत्याशी मैदान से बाहर हो गए। इनके नामांकन पत्रों में कमियां पाई गईं। इससे इन सभी नामांकन पत्रों को निरस्त कर दिया गया। अब 30 मार्च को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। इसी दिन प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

पीलीभीत लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए 20 मार्च से कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो बुधवार 27 मार्च को समाप्त हुई। नामांकन प्रक्रिया के दौरान 35 नामांकन फार्म उपलब्ध कराए गए। वहीं, 16 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। निर्वाचन आयोग की जारी अधिसूचना के मुताबिक गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने नाम निर्देशन जांच कार्य किया। नाम निर्देशन की जांच के दौरान छह प्रत्याशियों के नामांकन फार्म में कमियां पाई गईं। इस पर उन्हें निरस्त कर दिया गया। जिन छह उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त किए गए हैं, उनमें भारत जोड़ो पार्टी के इब्राहीम, युवा जनक्रांति के बलवान सिंह, निर्दलीय मुनेश सिंह, निर्दलीय विचिन पाल, निर्दलीय सतेंद्र कुमार मौर्य एवं निर्दलीय सवील हसन शामिल हैं।


> 30 मार्च को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। उसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। – **संजय कुमार सिंह**, जिला निर्वाचन अधिकारी

### इन प्रत्याशियों के आवेदन मिले सही

जितिन प्रसाद – भाजपा
भगवत सरन गंगवार : सपा
अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू – बसपा
प्रमोद कुमार पटेल – सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी
राजीव कुमार सक्सेना – भारतीय कृषक दल
संजय कुमार भारती – राष्ट्रीय समाज दल आर
आदर्श पांडेय – निर्दलीय
आशीष कुमार – निर्दलीय
मोहम्मद शाहिद हुसैन – निर्दलीय
सुशील कुमार शुक्ला – निर्दलीय

## कई क्षेत्रों की बिजली गुल उपभोक्ता रहे परेशान

**पीलीभीत, अमृत विचारः** इन दिनों शहर में बंच केबल डालने का काम पावर कॉरपोरेशन की ओर से कराया जा रहा है। होली पर्व निपटने के बाद अब इस काम को तेजी दी गई है। गुरुवार को भी फीडर से सप्लाई बंद रखी गई। जिसके चलते डिग्री कॉलेज चौराहा, मुख्य बाजार, आसफजान, साहूकारा, लाल रोड, नई बस्ती, मोहतसिम खां, होली चौराहा, बरेली गेट चौराहा, तखान, डिग्री कॉलेज रोड, राजाबाग कॉलोनी समेत कई इलाकों में सुबह से ही बिजली सप्लाई बंद रही। दोपहर में इसे चालू कराया गया। हालांकि उसके बाद भी फाल्ट को लेकर कुछ इलाकों में उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। शहर से सटे ग्राम चंदोई में जंपर में खराबी आने पर करीब एक घंटे तक सप्लाई बाधित रही। जिसका टीम ने पहुंचकर सुधार कराया।


डिग्री कॉलेज चौराहा पर बिजली की लाइन ठीक करता कर्मचारी।

# एलएच चीनी मिल ने जारी किया बंदी का नोटिस, गन्ना की खुली खरीद शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अब तक 173 लाख क्विंटल गन्ने की हो चुकी है पेराई

**अमृत विचारः** एलएच चीनी मिल ने गुरुवार को बंदी का पहला नोटिस जारी किया है। पर्याप्त इंडेंट देने के बाद भी मिल को भरपूर गन्ना नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण मिल रोजाना सात से आठ घंटे बंद हो रही है। इधर, अब मिल से सम्बद्ध क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त होने के बाद मिल ने खुली खरीद शुरू की है।

एलएच चीनी मिल द्वारा गत वर्ष तीन नवंबर को पेराई सत्र की शुरुआत की गई। मिल द्वारा अब तक 173 लाख क्विंटल खरीद कर पेराई कर चुकी है। इस पेराई सत्र मे चीनी मिल को मिल गेट समेत 122 क्रय केंद्र आवंटित किए गए थे। सभी क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त होने पर चीनी मिल द्वारा किसानों के लिये नोटिस निर्गत किए गए। इसके बाद कैलेंडर के अनुसार सभी पर्चियां किसानों को जारी की गईं। फिर भी कुछ किसानों के पास गन्ना अवशेष रह गया था। ऐसे किसानों के खेतों का सर्वे कराकर उनको गन्ना पर्चियां दी जा रही है। इन किसानों को मिल गेट पर प्रतिबंधित खुली खरीद का मौका दिया जा रहा हैं। इधर जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसानों से अनुरोध किया है कि यदि उनके पास पेराई योग्य गन्ना खेतों में खड़ा है तो वह हर परिस्थिति में दो दिन के भीतर सीधे मिल गेट पर गन्ने की आपूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसको लेकर मिल गेट पर ही गन्ना आपूर्ति पर्ची उपलब्ध करवा दी जाएगी। फिर भी यदि गन्ना सप्लाई में कोई असुविधा होती है तो किसान संबंधित सचिव अथवा अपने सर्किल के गन्ना पर्यवेक्षक को अवगत करवा सकते हैं। उन्होंने एलएच मिल के प्रबंधक (गन्ना) केबी शर्मा को आवंटित क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी किसान का आपूर्ति योग्य गन्ना अवशेष न रह जाए।




> एलएच चीनी मिल द्वारा मिल बंदी का नोटिस जारी कर दिया गया है। मिल को पेराई योग्य गन्ना नहीं मिल पा रहा है। प्रतिदिन मिल सात से आठ घंटे बंद हो रही है। किसानों का पेराई योग्य गन्ना पेराई के बाद ही चीनी मिलें बंद होंगी। – खुशीराम भार्गव, जिला गन्ना अधिकारी

## डेरा प्रमुख के हत्यारों की तलाश में उत्तराखंड पुलिस का छापा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कई स्थानों पर जाकर चेक किए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज
- गुरुद्वारा के कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम की हत्या का मामला

**अमृत विचारः** नानकमत्ता गुरुद्वारे के कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश में उत्तराखंड पुलिस ने पीलीभीत पहुंचकर सुरागरसी की। कई जगह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए। स्थानीय पुलिस भी सहयोग में साथ रही। हालांकि कोई खास क्लू नहीं मिल सका।

नानकमत्ता गुरुद्वारे के कार सेवा डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक पर सवार होकर हत्यारोपियों ने फायरिंग कर घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए थे। हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस सनसनीखेज वारदात को लेकर उत्तराखंड की पुलिस गुरुवार को पीलीभीत पहुंची। खटीमा के पुलिस अधिकारियों संग आई टीम ने कई स्थानों पर छानबीन की। शहर के नकटादाना चौराहा, आसाम रोड चौराहा, छतरी चौराहा आदि जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए। स्थानीय पुलिस की मदद से वाहनों को भी चेक किया गया। दरअसल उत्तराखंड से पीलीभीत की न्यूरिया और अमरिया थाने की सीमा सटी हुई है। दोनों की सीमावर्ती इलाकों में दिन भर टीमें अलर्ट रही। इसके अलावा पूरनुपर, माधोटांडा क्षेत्र में भी विशेष चौकसी बरती गई। पीएसी को भी मुस्तैद रखा गया। इस हत्याकांड को लेकर माहौल खराब करने की कोशिश न की जा सके, इसके लिए सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाई है।

रमज़ान मुबारक
अठाहरवां रोज़ा इफ्तार 29 मार्च 2024
सुन्नी - 06:25 बजे
शिया - 06:35 बजे
उन्नीसवां रोज़ा सहरी 30 मार्च 2024
सुन्नी - 04:25 बजे
शिया - 04:29 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी

### 31 को होगा शाहगढ़-पीलीभीत रेलखंड का सीआरएस निरीक्षण, छह साल बाद रूट जुड़ने को लेकर जिलेवासियों में खुशी

# लखनऊ-बरेली के बीच अप्रैल से ट्रेन चलने की उम्मीद

- मैलानी पीलीभीत के बीच मेगा ब्लॉक– 30 मई 2018
- मैलानी शाहगढ़ के बीच ट्रेन चली– नौ नवंबर 2023

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


मैलानी जंक्शन। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** रेल संरक्षा आयुक्त 31 मार्च को शाहगढ़ से पीलीभीत तक रेलखंड का निरीक्षण करेगें। इस दौरान यदि सब कुछ ठीक ठाक मिला तो अगले माह लखनऊ से बरेली तक ट्रेन संचालन शुरू हो जाएगा।

छह साल बाद लखनऊ से पीलीभीत होते हुए बरेली के बीच कनेक्टिविटी शुरू होने को लेकर जिलेवासी खुश हैं। ऐशबाग पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन के दौरान कार्यदायी संस्था रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने मैलानी पीलीभीत के बीच 30 मई 2018 को मेगा ब्लॉक लेकर मीटर गेज हटाने की शुरुआत की। मगर, वन विभाग की अड़ंगेबाजी के चलते छह साल बीतने के बावजूद मैलानी पीलीभीत के बीच ट्रेन संचालन शुरू नहीं हो सका। हालांकि रेलवे बोर्ड की अनुमति के बाद मैलानी शाहगढ़ तक नौ नवंबर 2023 से एक ट्रेन चलनी शुरू हुई।

मगर, 31 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना के शाहगढ़ से पीलीभीत तक ब्रॉडगेज व विद्युतीकरण का निरीक्षण होने के बाद लखनऊ से पीलीभीत की कनेक्टिविटी हो जाएगी। इससे अगले माह तक लखनऊ पीलीभीत और बरेली तक ट्रेन संचालन शुरू होने की संभावना बनने लगी है।

**एक ट्रेन चलने से यात्रियों को हो रही मुसीबत :** मैलानी से शाहगढ़ तक अभी एक पैसेंजर ट्रेन चल रही है। जो लखनऊ से आकर 12:30 बजे मैलानी से शाहगढ़ जाती है और शाम फिर शाम 06:30 बजे मैलानी वापस आती है। ऐसे में दैनिक व आम यात्री अधिक रुपये खर्च कर निजी वाहनों से आवागमन करने के लिए मजबूर हैं।

### बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद ट्रेन संचालन शुरू

कार्यदायी संस्था आरवीएनल के प्रबंधक के केएम विश्वकर्मा ने बताया कि शाहगढ़ पीलीभीत के बीच 20 किलोमीटर रेलखंड के विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। 27 मार्च को मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण कर चुके हैं। अब इस रेलखंड का रेल संरक्षा आयुक्त निरीक्षण करेगें। इसके लिए वह 30 मार्च को लखनऊ से आकर 31 मार्च को ब्राडगेज और विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण करेगें। रेलवे बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद इस रेलखंड पर यात्री सुविधा के लिए ट्रेन संचालन शुरू हो जाएगा।


मैलानी निवासी किराना व्यापारी बिजेंद्र मित्तल का कहना है कि बरेली तक ट्रेन होने से हर वर्ग को सुविधा थी। यह तमाम लोगों की जीविका का साधन भी थी। ट्रेन चलने से लोगों को कम किराए में बेहतर सफर का मौका मिलेगा।


मैलानी निवासी चाय विक्रेता रामचंद्र बताते हैं कि मैलानी पीलीभीत के बीच ट्रेन बंद हुए छह साल हो गए। सीआरएस ट्रायल होने से ट्रेनें जल्द चलने की उम्मीद जगने लगी है।

## एक नजर

### रकेहटी में हो रही गंदे पानी की आपूर्ति

**निघासन।** नगर पंचायत निघासन के रकेहटी में पानी की टंकी से गंदा पानी आता है। लोगों का आरोप है कि इसकी शिकायत उन्होंने कई बार नगर पंचायत कार्यालय में की, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। वार्ड निवासी विनोद का कहना है कि वह कई बार नगर पंचायत कार्यालय में दूषित पानी की शिकायत दर्ज कर चुके हैंहै। इस बाबत ईओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि टंकियों से दूषित पानी निकलने की जानकारी हुई है। पाइप लाइन की जांच कराकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### चीनी मिल ने जारी की बंदी की अंतिम नोटिस

**गोला गोकर्णनाथ।** बजाज हिदुस्थान शुगर लि के पीआरओ सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि गोला चीनी मिल में गन्ने की आवक कम हो गई है। बंदी की तीसरी और अंतिम नोटिस 30 मार्च की शाम की लगा दी गई है। जिन किसानों के पास गन्ना खड़ा है वह अपना गन्ना चीनी मिल में 30 मार्च से पूर्व सप्लाई कर दें, उसके बाद मिल बंद कर दी जाएगी।

# 1.78 करोड़ के खाद्यान्न घोटाले में गोदाम प्रभारी गिरफ्तार

### लखनऊ में पकड़ा गया, वर्ष 2022 में घोटाले के समय ब्लॉक बांकेगंज का गोदाम प्रभारी था दिनेश कुमार सिंह

कार्यालय संवाददाता, मैलानी


पुलिस गिरफ्त में तत्कालीन गोदाम प्रभारी दिनेश कुमार सिंह।

- एक करोड़ 78 लाख 30,583 रुपये का हुआ था खाद्यान्न घोटाला
- मैलानी थाने में दर्ज हुई थी रिपोर्ट अपराध शाखा ने की थी विवेचना

**अमृत विचार:** एक करोड़ 78 लाख 30 हजार 583 रुपये के खाद्यान्न घोटाले के मामले में अपराध शाखा ने ब्लॉक बांकेगंज के तत्कालीन गोदाम प्रभारी दिनेश कुमार सिंह निवासी जानकीपुरम लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की रिपोर्ट 2022 में थाना मैलानी में दर्ज हुई थी, जिसकी विवेचना अपराध शाखा कर रही थी।

उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम के प्रबंधक गंगा प्रसाद ने थाना मैलानी में गोदाम प्रभारी बांकेगंज दिनेश कुमार सिंह समेत दो लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि विभिन्न योजनाओं के गेहूं, चावल, चना, नमक, चीनी एव खाद्य तेल आदि उचित दर विक्रेताओं तक पहुंचाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय से गोदामों को भेजा गया था। जांच करने पर पाया गया कि गोदाम प्रभारी दिनेश सिंह ने एक करोड 78 लाख 30 हजार 583 रुपये के खाद्यान्न का गबन कर लिया।

थाना मैलानी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दी थी। बुधवार की रात लखनऊ पुलिस के सहयोग से पुलिस ने जानकीपुरम विस्तार लखनऊ में छापा मारा और आरोपी दिनेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया।

### बीएसए ने डीएम को भेजी रिपोर्ट तब सामने आया था घोटाला

बांकेगंज ब्लॉक के बीईओ राकेश कुमार को कुछ स्कूलों से मिडडे मील का राशन न मिलने की शिकायत प्रधानाध्यापकों से मिली। उन्होंने जांच की तो पता लगा कि 134 स्कूलों में जनवरी, फरवरी और मार्च 2022 में एमडीएम का राशन नहीं पहुंचा। उन्होंने बीएसए को जानकारी दी। तत्कालीन बीएसए ने 12 जुलाई 2022 को उक्त 134 विद्यालयों की सूची डीएम को भेजी । डीएम के आदेश पर जब प्रबंधक आवश्यक वस्तु निगम गंगा प्रसाद ने मौके पर जाकर सत्यापन किया तो गोदाम में खाद्यान्न नहीं मिला। ब्लाक के कुछ उचित दर विक्रेताओं से पूछताछ की गयी तो पता लगा कि जनवरी से मार्च 2022 तक बाल पोषाहार खाद्यान्न गोदाम प्रभारी ने उन्हें दिया ही नहीं। जबकि गोदाम प्रभारी ने कार्यालय में ऑडिट हेतु दी गयी प्रति पर बाल पोषाहार के खाद्यान्न का अंकन करके दुकानदारों को फर्जी तरीके से खाद्यान्न वितरण करना दिखा दिया। जांच के दौरान अंत्योदय पात्र गृहस्थी योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना आदि के तहत वितरित होने वाले गेहूं, चावल, चीनी, रिफाइंड आदि को मिलाकर एक करोड़ 78 लाख 30 हजार 583 रुपये का घोटाला सामने आया था। एसएफसी के जिला प्रबंधक गंगा प्रसाद ने गोदाम प्रभारी दिनेश कुमार सिंह और ऑडिटर रमाशंकर के खिलाफ मैलानी थाने में खाद्यान्न घोटाला की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में जिला प्रबंधक को भी निलंबित किया गया था।

### यह था पूरा मामला

वर्ष 2022 में भारतीय खाद्य निगम से संबंधित विभिन्न योजनाओं के गेहूं, चावल, चना, नमक, चीनी व खाद्य तेल आदि वितरण के लिए बांकेगंज ब्लॉक मुख्यालय पर उचित दर विक्रेताओं को आवंटन के लिए जारी किया था। गोदाम के निरीक्षण में यह बात सामने आई कि आरोपी ने अभिलेखों में खाद्यान्न का वितरण होना दिखा दिया जबकि हकीकत में खाद्यान्न का वितरण नहीं कराया। धोखाधड़ी और कालाबाजारी करते हुए करीब 4700 क्विंटल राशन बाजार में बेच दिया था।

> आरोपी दिनेश सिंह विवेचना में सहयोग नहीं कर रहा था और फरार चल रहा था। उसे अपराध शाखा पुलिस तलाश रही थी। लखनऊ पुलिस के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
> –**गणेश प्रसाद साहा**, एसपी।

# बीएसएफ ने पैदल मार्च कर दिया सतर्कता का संदेश


कस्बे में पैदल मार्च करती सिंगाही पुलिस और बीएसएफ के जवान। • अमृत विचार

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** लोक सभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को कड़ा संदेश देने के लिए गुरुवार को थाना सिंगाही पुलिस ने बीएसएफ जवानों के साथ कस्बे में पैदल गस्त की। लोगों को सुरक्षा व पुलिस-प्रशासन के सतर्क होने का अहसास कराया।

प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया के साथ बीएसएफ के जवान थाने से पैदल मार्च करते हुए कस्बे के मुख्य चौराहा पर पहुंचे। यहां से महारानी सूरत कुमारी मार्ग से होते हुए पूरे नगर में पैदल गस्त की और लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम जन को जागरूक करना और उनमें सुरक्षा का विश्वास पैदा करना है ताकि लोक भय मुक्त होकर अपने मत के अधिकार का प्रयोग कर सकें।

### बाघ के हमले में गन्ना छील रहा युवक घायल

**पलिया कलां।** पलिया के गांव मेला घाट निवासी बबलू खेत में गन्ना छील रहा था। बाघ ने उस पर हमला कर दिया, जिसे देख अन्य साथियों ने हो हल्ला किया। तब बाघ भाग गया। परिवार के लोग घायल बबलू को लेकर सीएचसी पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी।

# कमिश्नर ने देखी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, पलिया कलां


भारत-नेपाल सीमा गेट से नेपाल की ओर सुरक्षा व्यवस्था देखतीं कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब।

- संसदीय चुनाव को लेकर अफसरों को विशेष सतर्कता के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान केन्द्रों और नेपाल बार्डर की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को व्यापक दौरा किया। सीमा पर आवाजाही देखी। अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने तहसील पलिया के दूरस्थ मतदान केन्द्रों प्राथमिक विद्यालय गौरीफंटा सहित ग्राम सरियापारा, ग्राम सूंडा के मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा भी लिया।

कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब एसडीएम व सीओ पलिया के साथ इंडो-नेपाल बॉर्डर पहुंचीं। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), कस्टम एवं पुलिस कवच सेल के अफसरों के साथ स्थलीय भ्रमण किया और चुनाव के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। इस दौरान आयुक्त ने जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के साथ एक बैठक भी की। सीमा पर सुरक्षा को लेकर जांच करने पगडंडियों पर निगरानी सहित स्थानीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाया और ग्रामवासियों से नामों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव से बाहर रह रहे मतदाताओं के मोबाइल पर एसएमएस भेजकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। कमिश्नर ने गौरीफंटा थाना क्षेत्र के ग्राम सरियापारा, ग्राम सूड़ा के मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से संवाद कर मतदान दिवस (13 मई) को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया। इसके बाद उन्होंने चंदन चौकी बॉर्डर पर एसएसबी, पुलिस व राजस्व टीम के साथ फॉरेस्ट एरिया में पैदल मार्च किया।

### मतदान केंद्रों पर दुरुस्त हों व्यवस्थाएं

कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने एसडीएम कार्तिकेय सिंह को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारणों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। कहा कि मतदेय स्थल सूडा पर विशेष कैंप लगाकर न केवल मतदाताओं को जागरूक किया जाए, बल्कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहने पाए। साथ ही मतदान के लिए प्रेरित करने का अभियान चलाने को कहा।

# पिछले चुनाव का करोड़ों बकाया, इस बार बसें नहीं देंगे

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमीत सिंह राना ने कहा है कि चुनाव ड्यूटी के बाद बसों का भुगतान नहीं किया जाता, जिससे पुराना करोड़ों का बकाया है। इसलिए इस बार बस ऑपरेटर्स बसें नहीं दे पाएंगे।


मनमीत सिंह राना, अध्यक्ष।

उन्होंने डीएम, एसपी, एआरटीओ से लेकर निर्वाचन आयोग और उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर बसें दे पाने से असमर्थता जता दी है। कहा कि विगत वर्षों में बसों का बकाया काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिल सका है। उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को भी ज्ञापन देकर अवगत कराया था। जिले से लेकर प्रदेश के अफसरों तक से बकाया दिलाने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसलिए इस बार चुनाव ड्यूटी में कोई भी अपनी बस नहीं भेजेगा।

# मूल्यांकन: ग्रंथ शिल्प की कॉपियां बनीं मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- आस-पास के जिलों में नहीं हैं इस विषय के शिक्षक

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड ने मूल्यांकन के लिए जिले को 343 कॉपियां ग्रंथ शिल्प की आवंटित की है। मगर, इस विषय का शिक्षक जिले में और न ही आस पास के जनपदों में। ऐसे में यह कॉपियां समय से मूल्यांकन कार्य समाप्त होने में बाधक बन गई हैं।

मूल्यांकन कार्य के लिए शहर के राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज एवं गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया था। बोर्ड ने जीआईसी को 1,79,543, जीजीआईसी को 73414 और गांधी विद्यालय को 1,01,229 कॉपी जांचने के लिए आवंटित की। इन कॉपियों में इंटर के ग्रंथ शिल्प विषय की 343 कॉपियां हैं। यह कॉपियां जीआईसी के उप नियंत्रक से लेकर डीआईओएस के लिए मुसीबत बन गई हैं। जीआईसी के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस विषय का न तो कोई शिक्षक जिले में हैं और न ही आस पड़ोस के जिलों में। लखनऊ के जुबली इंटर कॉलेज और इस्लामिया इंटर कॉलेज में इस विषय के शिक्षक होने की जानकारी हुई। इस संबंध में डीआईओएस को अवगत करा दिया है। इन कॉपियों का मूल्यांकन करने के लिए या तो शिक्षक को आना होगा या फिर उत्तर पुस्तिकाओं को लखनऊ भेजा जाएगा।

### जीजीआईसी व गांधी विद्यालय में खत्म हुआ मूल्यांकन

**लखीमपुर खीरी।** डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में बुधवार को मूल्यांकन कार्य खत्म हो गया था, जबकि बृहस्पतिवार को गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में भी मूल्यांकन कार्य खत्म हो गया। अब सिर्फ राजकीय इंटर कॉलेज में 7226 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना शेष है।

> ग्रंथ शिल्प विषय का जिले में शिक्षक न होने से इन कॉपियों का मूल्यांकन अभी तक नहीं हो पाया है। इसके शिक्षक लखनऊ में होने की सूचना मिली है। विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया है। अब जैसा उनका निर्देश मिलेगा उसी तहत कार्य किया जाएगा।
> –**डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह**, डीआईओएस

# कार से बकरे चोरी कर ले गए, सीसीटीवी में कैद

संवाददाता, खीरी टाउन


सीसीटीवी फुटेज में आई कार।

- आए दिन बकरा चोरी की हो रहीं घटनाएं, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** कस्बा खीरी में गुरुवार की सुबह कार सवार दो दो बकरों को कार में लाद लिया और भाग निकले। कार की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज लेकर कार की तलाश शुरू कर दी है। पशु स्वामी ने पुलिस को तहरीर दी है।

नगर में पिछले काफी समय से बकरा चोरी होने की घटनाएं हो रहीं है। मोहल्ला शेखसराया निवासी नसीर अहमद के दो बकरे बुधवार की सुबह करीब आठ बजे घर के बाहर घूम रहे थे। इसी बीच एक स्विफ्ट डिजायर कार रुकी। उसमें से उतरे लोग दोनों बकरों को गाड़ी में डालकर रफू चक्कर हो गए। जब काफी देर तक बकरे नहीं दिखाई पड़े तो उनकी तलाश की गई। आसपास लगे कैमरे की फुटेज देखी गई तो उसमें बकरों को उठाकर कार में डालते फुटेज कैद मिली। पशु मालिक नसीर अहमद ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस फुटेज के आधार पर कार की तलाश कर रही है। नगर के लोगों ने बताया कि पिछले कई महीने से बकरे गायब होने का सिलसिला चल रहा है। तीन महीने में 12 से अधिक बकरे चोरी हो चुके हैं। पशु मालिक ने सीसीटीवी फुटेज में आए कार का नंबर का जिक्र करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# विधायक अमन गिरि के फार्म हाउस पर पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** पीलीभीत से लौटते लखनऊ जाते समय प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विधायक अमन गिरि के लाल्हापुर स्थित फार्म हाउस पर होली मिलने पहुंचे। उन्होंने विधायक के परिवार से मिलकर कुशलक्षेम जाना और होली की शुभकामनाएं दीं।

कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विधायक अमन गिरि से नगर और क्षेत्र के विकास से संबंधित तमाम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कहा कि जिस गति से विकास कार्य हो रहे हैं उनकी गति धीमी नहीं होनी चाहिए। उनके स्तर से जो भी संभव होगा विकास कार्यों के लिए मदद करेंगे। फार्म हाउस पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, अजय गिरि, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, रामगुलाम पांडे, पंकज गुप्ता, सभासद भोली गिरि, कन्हैया गिरि, केके शुक्ल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दो प्रेमी युगलों ने क्लेश हरण शिव मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच रचाई शादी


पवनजीत और खुशबू का विवाह कराते पुरोहित। • अमृत विचार


विवेक और अंजली।

संवाददाता, संसारपुर

- एक दूसरे के हुए पवनजीत-खुशबू और विवेक- अंजली

**अमृत विचार:** अहमदनगर के क्लेश हरण शिव मंदिर में दो प्रेमी युगल ने शादी रचाई। पुरोहित ने मंत्रोच्चार के साथ उनका विवाह कराया।

ग्राम पंचायत रामपुर डाटपुर के मजरा पसियापुर के निवासी विवेक कुमार और अंजलि राज में कई वर्षों से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। अंजली ने बताया कि परिजन उसकी किसी अन्य लड़के से शादी करना चाह रहे थे। वह अपनी मर्जी से विवेक के साथ आ गई और क्लेश हरण शिव मंदिर में शिव को साक्षी मानकर शादी कर ली। अंजली राज ने बताया कि वह बालिग है, उसकी हाईस्कूल की मार्कशीट, आधार कार्ड संसारपुर पुलिस चौकी में जमा हैं। वहीं दूसरे प्रेमी युगल ग्राम पहाड़पुर निवासी पवनजीत कुमार ने उसी गांव की खुशबू से विवाह कर लिया।

> प्रेमी युगल के शादी करने की जानकारी प्राप्त हुई है। लड़का और लड़की दोनों बालिग हैं। लड़की पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। दोनों ने अपनी मर्जी से अहमदनगर नगर के क्लेशहरण मंदिर में शादी कर ली है।
> –**मोहित पुंडीर**, चौकी प्रभारी संसारपुर

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.
Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com





# निजी बस में 14 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, चालक- परिचालक गिरफ्तार

## लखीमपुर से निघासन ले जाई जा रही थी शराब, 14 पेटियों में 348 बोतलें थीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



बरामद शराब के साथ गिरफ्तार बस का चालक और परिचालक। • अमृत विचार

- तीन लोगों के खिलाफ शारदानगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- बरामद शराब की अनुमानित कीमत 72867 रुपए बताई गई

**अमृत विचार :** थाना शारदानगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान निजी बस में अवैध ढंग से रखकर ले जाई जा रही विभिन्न ब्रांड की 14 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने चालक, परिचालक को गिरफ्तार कर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 72867 रुपए बताई गई है। बस को सीज कर कब्जे में ले लिया है।

एएसपी पवन कुमार गौतम पूर्वी ने बताया कि बुधवार की शाम लोकसभा चुनाव को लेकर मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए जिले भर में अभियान चलाया गया था। थाना शारदानगर प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार मौर्य, एसआई अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी के साथ लखीमपुर-शारदानगर रोड पर थाना गेट के सामने चेकिंग कर रहे थे। लखीमपुर की तरफ से बस संख्या यूपी 34 टी 2805 सवारी भरकर आ रही थी, जिसे पुलिस ने रोककर चेक किया तो बस की डिग्गी मे अलग-अलग ब्रांड की 10 पेटी व बस के अंदर चालक के पास गियर बक्शा के ऊपर से 04 पेटी बरामद हुई। बरामद पेटियों में ब्लंडर प्राइड, मेकडॉवल, रॉयल स्टेज आदि ब्रांड की पेटियों में कुल 348 बोतल शराब थी।

बस चालक और परिचालक शराब के कागजात नहीं दिखा सके। पुलिस के पूछने पर बताया कि किसी मानू के नाम के व्यक्ति ने तिकुनिया बस स्टाप लखीमपुर में रखा था इन पेटियों को बस में रखा था और बताया था कि इन पेटियो को वह निघासन मे उतार लेगा। पुलिस ने बस चालक नरेश गौतम निवासी बुद्धापुरवा थाना निघासन, परिचालक सम्मू अली निवासी गदियाना थाना मझगई व मानू पता अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालक और परिचालक को गिरफ्तार कर लिया है। बस को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर कब्जे में ले ली है।

# घर में लगी आग, धमाके के साथ फटा गैस सिलेंडर

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचार :** मैगलगंज कस्बे के मोहल्ला भूड़ में बुधवार की रात घर के अंदर पड़े छप्पर में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। इस दौरान छप्पर के नीचे रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे भगदड़ मच गई।आसपास के लोगों ने हिम्मत जुटाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। अग्निकांड में घर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

मढिया घाट मार्ग स्थित मोहल्ला भूङ निवासी ट्रक चालक विजय कुमार के घर में पड़े छप्पर में अचानक आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया और लपटे उठने लगीं। इससे घर के लोग कोई सामान भी नहीं निकाल पाए। शोर शराबा पर पहुंचे लोग आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच घर में रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे आग बुझा रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में कपड़े, राशन चारपाई, बिस्तर आदि घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। विजय ने बताया कि ट्रक चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। आर्थिक रूप से परेशान परिवार के सामने तमाम समस्याएं आ खड़ी हुई हैं।

### स्पार्किंग होने से कमरे में लगी आग, सामान जला

भीरा। थाना भीरा क्षेत्र के गांव महेशापुर निवासी सद्दाम अली ने बताया कि गुरुवार को कमरे के अंदर बिजली के तारों में स्पार्किंग होने से कमरे में आग लग गई, जिससे उसमें रखे कपड़े, चारपाई, राशन, बिस्तर आदि सामान जलकर नष्ट हो गया। शोर शराबा होने पर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने आग बुझाई। घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दी गई है।

### शिव सेवकों ने कराया भंडारा

**गोला गोकर्णनाथ।** श्री शिव सेवक दिल्ली शाखा छोटी काशी के सेवादारों ने माता श्री पूर्णागिरि पर 26 और 27 मार्च को 10 वां भंडारा कराया। भंडारे में हलवा, पूड़ी, सब्जी, चाय आदि का प्रसाद बनाया, जिसे मां के दरबार में आने जाने वाले श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। मुख्य सेवादार अनिल जलोटा ने बताया कि हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।


# प्रोग्रेसिव ग्रेजुएट्स वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर के मोहम्मदी रोड स्थित प्रोग्रेसिव ग्रेजुएट्स वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय पर होली मिलन कार्यक्रम एवं मासिक बैठक में कार्यकारिणी के गठन पर विचार विमर्श किया गया।

सोसायटी के प्रबंधक अरविन्द जायसवाल की अध्यक्षता में हुए होली मिलन समारोह में समिति के जिला संयोजक लखनऊ पब्लिक स्कूल के शिक्षक रविन्द्र कुमार ने समिति के विस्तार के लिए मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन तहसीलों में अभी तक सोसायटी की कार्यकारिणी नहीं बनी है उन तहसीलों पर कार्यकारिणी जल्द ही बना ली जाए, ताकि अधिक से अधिक कार्यक्रम किये जा सकें। कार्यवाहक नगर अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरविन्द सिंह ने कहा कि जागरूकता अभियान चलाकर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। उपाध्यक्ष आलोक यादव, संयुक्त मंत्री मोहित राजपूत, संगठन मंत्री तरुण प्रकाश वर्मा, शिक्षक रमाकान्त वर्मा, सर्वेश राठौर, राजीव वर्मा, डेविड कुमार, कमलेश वर्मा, अजीत वर्मा, संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री शारदा में कूदी

संवाददाता, फरधान

- विवाहित पुत्री की मौत के बाद से परेशान रहती थीं विमलेश मिश्रा

**अमृत विचार:** मायके आई आंगनबाड़ी कार्यकत्री बुधवार की देर रात घर से बिना बताए चली गई और रेलवे पुल पर पहुंचकर शारदा नहर में छलांग लगा दी। नहर किनारे उसके चप्पल, अंगूठी और कुंडल बरामद हुए। उनका शव घटनास्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर बरामद हुआ।

गांव उदयपुर निवासी संजीव मिश्रा की पत्नी विमलेश मिश्रा (46) आंगनबाड़ी वर्कर थीं। उन्होंने अपनी इकलौती पुत्री का विवाह गोला गोकर्ण नाथ में किया था। परिवार वालों ने बताया कि करीब तीन महीने पहले पुत्री की मौत हो गई थी। तभी से विमलेश मिश्रा काफी तनाव में रहती थीं। होली होने के कारण वह अपने मायके फरधान आई थीं। बुधवार की देर रात घर में बिना किसी को बताए निकलीं और फरधान रेलवे क्रॉसिंग होते हुए शारदा नहर के रेलवे पुल पर पहुंच गईं। वहां पनी चप्पल, अंगूठी, कुंडल निकाल कर रख दिये और नहर में छलांग लगा दी।

काफी देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोगों ने उनकी तलाश की। रेलवे पुल पर उनकी चप्पल, अंगूठी, कुंडल मिले तो परिवार वालों को नहर में कूदने की आशंका हुई। पुलिस ने गोताखोर की मदद से विमलेश की तलाश कराई, लेकिन वह नहीं मिली। इस पर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एनडीआरएफ की टीम पहुंचती। इससे पहले घटना स्थल से लगभग 10 किलोमीटर दूर फरधान थाना क्षेत्र के गांव अटकोनवा के सामने नहर में विमलेश मिश्रा का शव उतराता बरामद हुआ। शव मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी विमलेश मिश्रा आत्महत्या की कोशिश कर चुकी थीं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# सोते रहे घर वाले, चोर समेट ले गए नगदी-जेवर

संवाददाता, खीरी टाउन

- सहरी खाने के लिए उठे घरवाले तो हुई चोरी की जानकारी


**अमृत विचार:** थाना व कसबा खीरी के मोहल्ला बुखारी टोला में चोर बुधवार की रात एक घर में घुस गए और कमरे में रखी सेफ आदि का ताला तोड़ कर 65 हजार रुपये की नगदी समेत करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। परिवार वाले जब सहरी खाने के लिए तड़के जागे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

मोहल्ला बुखारी टोला निवासी रईस उर्फ पप्पू दाल वाले ने बताया कि बुधवार की देर शाम करीब 08:15 बजे वह और उसके परिवार के सभी लोग तराबी सुनने मस्जिद पर गए थे। उसके बाद वापस घर आए और मुख्य दरवाजे पर ताला डालकर रोज की तरह कमरे में जाकर सो गए। रात में किसी समय चोर छत के सहारे घर में घुस आए और कमरे में रखी सेफ आदि का ताला तोड़ दिया। परिवार के लोग सहरी के वक्त करीब तीन बजे जब सोकर उठे तो देखा कि पास वाले कमरे में रखी सेफ का ताला टूटा पड़ा था। कमरे व सेफ में रखा सामान बिखरा पड़ा था। यह देख सभी के होश उड़ गए।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। रईस ने बताया कि चोर अलमारी में रखी एक सोने की चेन, दो जोड़ी सोने के बुंदे, दो जोड़ी चांदी की पायल, तीन सोने की अंगूठी और 65000 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। वहीं मोहल्ले के लोगों ने पुलिस पर गस्त न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस की सुस्ती के कारण कस्बे में चोर सक्रिय हैं। पुलिस घटना का सही खुलासा करे और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे तो चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकता है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# आग बुझाते चौकी इंचार्ज के झुलसे हाथ

**बिलहरी, अमृत विचार :** थाना नीमगांव की सिकंद्राबाद चौकी के पड़ोस चाट की दुकान में गैस सिलेंडर से लगी आग को बुझाते समय चौकी इंचार्ज के हाथ झुलस गए हैं। चौकी के समीप हरीश गुप्ता चाट का ठेला लगाता है। गुरुवार दोपहर गैस सिलेंडर में अचानक तेज गैस लीक होने से आग लग गई, जिससे अफरा तफरी मच गई। चौकी प्रभारी आशीष सहरावत ने कंबल से जलते सिलेंडर की आग को बुझाने का प्रयास किया। आग तो बुझ गई लेकिन आग बुझाते समय उनके दोनों हाथ झुलस गए।



# परीक्षाफल व पुरस्कार पाकर बच्चे हुए गदगद



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** आरएम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम, राजापुर में परीक्षाफल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट और प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला ने छात्र–छात्राओं को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। कक्षा पीजी के अंश पटेल, शिवांश वर्मा और वैदिक पटेल को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। इसी तरह कक्षा आठ के सरस वर्मा, आशी वर्मा, आयुष जायसवाल, कक्षा आठ अ के आन्या वर्मा, आयुषी वर्मा, अंश गुप्ता, कक्षा छह की प्रवृद्धी, प्रतिष्ठा, सनाया, कक्षा नौ की अद्रिका वर्मा, कृष्णा वर्मा, सार्थक गुप्ता और कक्षा 11 की तुलसी वर्मा, सिराज अहमद, शिवांशु अवस्थी को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। अंग्रेजी माध्यम के क्वार्डिनेटर आशीष सिंह, हिन्दी माध्यम की क्वार्डिनेटर कामिनी आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदीप शुक्ला ने किया।

# सड़क निर्माण में मनमानी को लेकर किया प्रदर्शन

**बिझौली, अमृत विचार:** बिझौली नहर पटरी से शहाबुद्दीनपुर तक बनाई जा रही सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी जनता के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण मानक के अनुरूप करवाया जाए ताकि तय समय सीमा में कार्य पूरा हो और जनता को सड़क सुविधा मिल सके। रमुआपुर निवासी दुर्गेश, बिझौली निवासी रामकुमार सिंह, अजय प्रताप सिंह का कहना है कि सड़क निर्माण में ठेकेदार लापरवाही बरत रहे हैं। इस सड़क की नियमित मानिटरिग नहीं हो रही है।


FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend
• Tele Callers (F)
• Business Executives(M)
• Social Media Exe.(F)
Graduate/MBA(Preferred)
Fluent in English
Salary Negotiable
WALK IN INTERVIEW
31 March, 2024
11:00am to 4:00pm
City Office: D-46, IInd Floor, Butlar Plaza, Bareilly
Ph.:9917480040

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
लड़के व लड़कियों की आफिस कालिंग हेतु व फील्ड कार्य हेतु।
सैलरी+इन्सेन्टिव
गेट नंबर 1 महानगर बरेली गोल चक्र नियर PNB एटीएम के पास
9045350563, 9258469345

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तालिब को गलत चाल–चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मैकू अहमद पुत्र स्व. मसीब अहमद निवासी मो. बनवारीपुर कस्बा तिलहर जिला शाहजहांपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम तालिब था जिसे बदलकर अब मैंने तालिब बेग रख लिया है। भविष्य में मुझे तालिब बेग के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। तालिब बेग पुत्र मो. मियां निवासी चक महमूद पुराना शहर, बरेली

सूचना
हमने अपने बड़े पुत्र रामनिवास व उसकी पत्नी रीना देवी को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण क्षुब्ध होकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए इनको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **राजकुमार पुत्र श्री नन्हे लाल एवं श्रीमती माया देवी पत्नी श्री राजकुमार, निवासी ग्राम विलास नगर, थाना भुता, जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

